PRESS CLIPPINGS

Date :- 24th July 2014

Sub: - ICFAI University Jharkhand Releases Nerwsletter of July 2014 Issue

दैनिक भास्कर | रांची | रांची. गुरुवार. 24 जुलाई, 2014 5

न्यूज़ इनबॉक्स

इक्फाई यूनिवर्सिटी के न्यूज़लेटर का विमोचन

रांची | इक्फाई विवि में बुधवार को न्यूजलेटर 2014 पलाश का विमोचन मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर जनरल वीके सरीन ने किया। मौके पर सरीन ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जिससे छात्र एक बेहतर नागरिक बन सकें। मौके पर न्यूजलेटर की संपादक प्रो. चेतना सिन्हा ने कहा कि इसका नाम झारखंड के फूल के ऊपर रखा गया है। मौके पर डॉ. बीएम सिंह, प्रो. एएस प्रसाद, प्रो. मदन प्रसाद, डॉ. एससी स्वेन सहित अन्य फैकल्टी मौजूद थे।

the pioneer
RANCHI | THURSDAY | JULY 24, 2014
nation 02

BRIEFS

ICFAI VARSITY RELEASES NEWSLETTER

Ranchi: ICFAI University, Jharkhand organised a function to release the July 2014 issue of *Palaash*, the newsletter of the University by Major Gen (Retd) Sareen, Chancellor of the University. Speaking on the occasion, he appreciated the efforts of the University to share its multifarious activities with its employees and students through publications like the Newsletter.

गुरुवार, 24 जुलाई 2014
हिन्दुस्तान 18

कैंपस

इक्फाई विवि के न्यूज लेटर का विमोचन

रांची। इक्फाई विवि में एक समारोह का आयोजन कर पलास न्यूज लेटर 2014 का विमोचन कुलाधिपति मेजर जनरल वीके सरीन ने किया। उन्होंने कहा कि विवि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां छात्रों को सक्षम पेशेवर के रूप में ढालने का प्रयास होता है, ताकि वह निजी जीवन के साथ-साथ पेशेवर जीवन में भी सफल हो सकें। कार्यक्रम के दौरान चांसलर और मेहमानों का स्वागत करते हुए प्रो ओआरएस राव ने विश्वविद्यालय के प्रयासों पर प्रकाश डाला डॉ केके नाग और पलास के संपादक प्रो चेतन सिन्हा ने भी अपनी बातें रखी।

प्रभात खबर \ कैंपस

रांची, गुरुवार, 24 जुलाई, 2014
www.prabhatkhabar.com

कैंपस अपडेट

इक्फाई विवि में पलास न्यूजलेटर का विमोचन

रांची. इक्फाइ विवि में बुधवार को कुलाधिपति मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सरीन ने पलास न्यूज लेटर 2014 का विमोचन किया. इस अवसर पर मेजर जनरल ने कहा कि विवि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. विवि विद्यार्थियों को अच्छे चरित्र के साथ एक सक्षम पेशेवर के रूप में ढालने का कार्य कर रहा है. समाचार पत्रिका से अपने कर्मचारियों और छात्रों के साथ विविध गतिविधियों को साझा करने का प्रयास सराहनीय है. कुलपति प्रो ओआरएस राव ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि यहां के विद्यार्थियों को एनर्जी, विप्रो, वोडाफोन, हिंदुस्तान, यूनीलीवर, झारक्राफ्ट, आइसीआइसीआइ बैंक, एसबीआइ समूह जैसे प्रतिष्ठित कंपनियों से इंटर्नशिप व प्लेसमेंट के अवसर मिल रहे हैं. कार्यक्रम में डॉ केके नाग, पलास की संपादक प्रो चेतना सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किये. इस अवसर पर डॉ बीएम सिंह, प्रो एएस प्रसाद, प्रो मदन प्रसाद, डॉ एससी स्वेन व अन्य उपस्थित थे.